DATE: / 20
PAGE No

Tender Heart High School, Sector-33B Chandigarh

कक्षा : 5 दिनांक :

विषय : हिन्दी व्याकरण, पुस्तक : भाषा किरण-5

उपविषय : 'पर्यायवाची शब्द'

पृष्ठ संख्या : 81 (1 से 10)

Subject Teacher :- Ms. Roma Rani

बच्चो ! आज हम पर्यायवाची शब्दों के बारे में पढ़ेंगे परन्तु इन के बारे में पढ़ने से पहले हमें यह जानना आवश्यक है कि पर्यायवाची शब्द क्या होते हैं ? इनका क्या अर्थ है। पर्यायवाची शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है – पर्याय + वाची ।

पर्याय – एक जैसा भाव या अर्थ रखने वाला दूसरा शब्द ।

वाची – बताने वाला अर्थात् एक जैसा अर्थ बताने वाला शब्द ।

परिभाषा → समान अर्थ को प्रकट करने वाले शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहते हैं। इन्हें समान अर्थ या समानार्थी शब्द भी कहते हैं। जैसे –

Scanned with CamScanner

DATE: / 20
PAGE No

Pg 2

कक्षा-5 हिन्दी व्याकरण दिनांक-

## पर्यायवाची शब्द

1. सोहम मेरा मित्र है।
या
सोहम मेरा दोस्त है।

2. आज तेज वर्षा हो रही है।
या
आज बारिश तेज हो रही है।

3. अध्यापक पाठ पढ़ा रहा है।
या
शिक्षक पाठ पढ़ा रहा है।

4. बंदर पेड़ की टहनी पर बैठा है।
या।
वानर वृक्ष की डाल पर बैठा है।

उपर्युक्त वाक्यों में आपने देखा कि मित्र या दोस्त, वर्षा - बारिश, अध्यापक - शिक्षक बंदर - वानर, पेड़ - वृक्ष, टहनी - डाल शब्द एक ही अर्थ प्रकट कर रहे हैं। ऐसे शब्दों को ही पर्यायवाची या समानार्थी शब्द कहते हैं। आपकी पुस्तक भाषा किरण में पेज नं 81 पर पर्यायवाची शब्द दिए गए हैं। आप इन्हें ध्यान से पढ़कर फिर अपनी नोट बुक में लिखेंगे (1-10) तक। इसके अलावा

DATE
PAGE No

Pg 3 कक्षा : 5 हिन्दी व्याकरण **पर्यायवाची शब्द**

कुछ नये पर्यायवाची शब्द भी जोड़े गए हैं जिन्हें आप पुस्तक में दिए गए शब्दों के साथ अपनी नोट में लिखेंगें। ये कुल मिलाकर 15 शब्द बन जाएंगें।

**Note for Parents -:** अभिभावकों से अनुरोध है कि दी गई विषय वस्तु को ध्यान से पढ़कर बच्चों को समझाएं तथा लिखवाएं। विद्यार्थियों को पर्यायवाची शब्दों के बारे में विस्तार से बताएं ताकि उन्हें समझने में कोई दिक्कत न हो। बच्चों को साफ़-सुथरा काम करने के लिए प्रोत्साहित करें। लिखते समय मात्राओं का ध्यान रखें।

**गृहकार्य** → 'पर्यायवाची शब्दों' को विद्यार्थी अपनी Hindi Language Note Book में लिखेंगें।

Scanned with CamScanner

कक्षा: 5 हिन्दी व्याकरण पुस्तक: भाषा किरण - 5

## (पर्यायवाची शब्द)

| शब्द | | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|---|
| 1. आग | - | अग्नि, अनल, पावक |
| 2. मानव | - | मनुष्य, आदमी, इंसान |
| 3. पक्षी | - | खग, विहग, पंछी |
| 4. रात | - | रात्रि, रजनी, निशा |
| 5. इच्छा | - | अभिलाषा, कामना, चाह |
| 6. पृथ्वी | - | धरा, वसुधा, भूमि |
| 7. कमल | - | नीरज, पंकज, जलज |
| 8. उन्नति | - | प्रगति, तरक्की, उत्कर्ष |
| 9. जंगल | - | वन, विपिन, कानन |
| 10. खुशबू | - | सुगंध, सुरभि, सौरभ |
| 11. आसमान | - | आकाश, गगन, नभ |
| 12. बादल | - | मेघ, घन, पयोद |
| 13. फूल | - | पुष्प, सुमन, कुसुम |
| 14. पेड़ | | वृक्ष, तरु, विटप |
| 15. शोभा | - | छटा, आभा, कांति |

Scanned with CamScanner